Roll No. ..........

**1001**

# कक्षा 10वीं अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, 2024-25

[401]

# HINDI

# हिन्दी

[Total No. of Questions: 23]

[Time: 03 Hours]

[Total No. of Printed Pages: 08]

[Maximum Marks: 75]

*निर्देश –*

*(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।*

*(iii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उप–प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।*

*(iv) प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक कुल 12 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द हैं।*

*(v) प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक कुल 3 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द हैं।*

*(vi) प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक कुल 3 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द हैं।*

*(vii) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*



https://www.mpboardonline.com

प्र.1 सही विकल्प का चयन कर लिखिए – (1X6=6)

(i) नवीन उपमानों का प्रयोग किस काव्य की प्रमुख विशेषता है?

(अ) भक्तिकाल (ब) प्रयोगवाद

(स) रीतिकाल (द) श्रृंगारकाल

(ii) गोपियों ने अपने वाक्य चातुर्य के आधार पर किसको परास्त कर दिया?

(अ) ज्ञानी उद्धव को (ब) ज्ञानी केशव को

(स) ज्ञानी माधव को (द) मंगलाप्रसाद पारितोषिक को

(iii) लय, तुक, यति, गति, मात्रा एवं चरण से युक्त रचना को क्या कहते हैं?

(अ) रस (ब) छन्द

(स) अलंकार (द) मुक्तक

(iv) हर 15 दिन में कंपनी के काम से कस्बे से कौन गुजरते थे?

(अ) नेताजी (ब) कैप्टन

(स) हालदार साहब (द) पुलिस वाले

(v) किस समास में दोनों पद प्रधान होते हैं?

(अ) अव्ययीभाव समास में (ब) बहुव्रीहि समास में

(स) कर्मधारय समास में (द) द्वन्द्व समास में

(vi) भोलानाथ का असल नाम क्या था?

(अ) अमरनाथ (ब) तारकेश्वरनाथ

(स) रमानाथ (द) बटुकनाथ

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए – (1X6=6)

(i) राम लक्ष्मण परशुराम संवाद रामचरितमानस के.................................से लिया गया है। (बालकाण्ड / अयोध्याकाण्ड)

(ii) अभिनय तत्व की प्रधानता.........................................काव्य में होती है। (श्रव्य / दृश्य)

(iii) ...............................छंद के प्रत्येक चरण में 16–16 मात्राएँ होती हैं। (दोहा / चौपाई)

(iv) लखनऊ को नवाबों का...................................................कहा जाता है। (गाँव / शहर)

(v) दो निकटतम स्वरों के मेल से जो परिवर्तन होता है, उसे...........................सन्धि कहते हैं। (व्यंजन / स्वर)

(vi) कटाओ में बर्फ से ढके पहाड़.............................की तरह चमक रहे थे। (चाँदी / सोने)



https://www.mpboardonline.com

**प्र.3** निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए – **(1×6=6)**

(i) बादल निराला का प्रिय विषय है।

(ii) जहाँ अलौकिक आश्चर्य का भाव उत्पन्न हो, वहाँ अद्भुत रस होता है।

(iii) 'लखनवी अंदाज' पाठ की शैली निबंधात्मक है।

(iv) बिस्मिल्लाह खाँ उस्ताद पैगंबर बख्श खाँ और मिट्ठन के बड़े साहबजादे थे।

(v) 'गागर में सागर भरना' का अर्थ थोड़े में अधिक कहना होता है।

(vi) अज्ञेय ने हिरोशिमा कविता लिखी थी।

**प्र.4** सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए – **(1×6=6)**

| स्तम्भ (अ) | स्तम्भ (ब) |
|---|---|
| (i) भोली आत्मकथा | (क) मंगल |
| (ii) अप्रस्तुत कथन से प्रस्तुत का बोध | (ख) शीला अग्रवाल |
| (iii) काशी में मरण | (ग) गंतोक |
| (iv) हिन्दी की प्राध्यापिका | (घ) तीन |
| (v) वाच्य के प्रकार | (च) आत्मकथ्य |
| (vi) पहाड़ | (छ) अन्योक्ति अलंकार |

**प्र.5** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए – **(1×6=6)**

(i) फसल कविता हमें उपभोक्ता संस्कृति के दौर में किस संस्कृति के निकट ले जाती है?

(ii) रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यं यह परिभाषा किस विद्वान ने दी?

(iii) नेताजी की मूर्ति पर बच्चों ने कौनसा चश्मा लगा दिया था?

(iv) 'शिवाजी शेर थे' वाक्य में निहित शब्द शक्ति का नाम लिखिए।

(v) मइया कौनसे अनाज को अमानिया कर रही थी?

(vi) धर्म चक्र (प्रेयर व्हील) को घुमाने के पीछे कौनसी मान्यता है?



https://www.mpboardonline.com

प्र.6, रीतिकाल की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। (2)

अथवा

प्रगतिवादी काव्य के दो कवियों के नाम उनकी एक–एक रचना के नाम सहित लिखिए।

प्र.7, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला **अथवा** जयशंकर प्रसाद की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर लिखिए – (2)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भावपक्ष

प्र.8, लक्ष्मण के अनुसार वीर योद्धा की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। (2)

अथवा

कवि नागार्जुन के अनुसार फसल क्या है? लिखिए।

प्र.9 . फागुन में ऐसा क्या होता है जो बाकी ऋतुओं से भिन्न होता है? (2)

अथवा

'मरजादा न लही' के माध्यम से कौनसी मर्यादा ना रहने की बात की जा रही है? लिखिए।

प्र.10, अतिश्योक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

अथवा

अद्भुत रस का स्थायीभाव एवं एक उदाहरण लिखिए।

प्र.11, दोहा छंद के लक्षण उदाहरण सहित लिखिए। (2)

अथवा

कोई दो महाकाव्य के नाम और उनके रचनाकारों के नाम लिखिए।

प्र.12, कहानी के 6 तत्वों के नाम लिखिए। (2)

अथवा

उपन्यास सम्राट किसे कहा जाता है? उनके दो उपन्यास के नाम भी लिखिए।



https://www.mpboardonline.com

प्र.13 स्वयं प्रकाश **अथवा** यशपाल की साहित्यिक विशेषताएँ निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर लिखिए – (2)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा–शैली

प्र.14 बालगोबिन भगत की कबीर पर श्रद्धा किन–किन रूपों में प्रकट हुई है? लिखिए। (2)

**अथवा**

शहनाई की दुनिया में डुमराँव को क्यों याद किया जाता है?

प्र.15 हालदार साहब कौनसी बात पर भावुक हो उठे? (2)

**अथवा**

'नवाब साहब द्वारा खीरा खाने की तैयारी' को अपने शब्दों में लिखिए।

प्र.16 निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए – (2)

(i) ईश्वर में आस्था रखने वाला

(ii) आँखों के सामने

**अथवा**

दिए गए वाक्यों को पहचान कर उनके सामने वाक्य का प्रकार लिखिए –

(i) सुनीता बाजार जाओ।

(ii) शायद आज बारिश होगी।

प्र.17 भोलानाथ और उसके साथी किसी दूल्हे के आगे–आगे जाती हुई ओहारदार पालकी को देखकर क्या चिल्लाने लगते थे? (2)

**अथवा**

लेखक अज्ञेय के अनुसार प्रत्यक्ष अनुभव की अपेक्षा अनुभूति उनके लेखन में कहीं अधिक मदद करती है, क्यों?



https://www.mpboardonline.com

प्र.18 निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ–प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए – (3)

मन की मन ही माँझ रही।
कहिए जाइ कौन पै ऊधौ, नाहीं परत कही।
अवधि अधार आस आवन की, तन मन बिथा सही।
अव इन जोग सँदेसनि सुनि–सुनि, बिरहिनि बिरह दही।
चाहति हुतीं गुहारि जितहिं तैं, उत तैं धार बही।
'सूरदास' अब धीर धरहिं क्यौं, मरजादा न लही।।

अथवा

तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान
मृतक में भी डाल देगी जान
धूली–धूसर तुम्हारे ये गात......
छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात
परस पाकर तुम्हारी ही प्राण,

प्र.19 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए – (3)

पिता के ठीक विपरीत थी हमारी बेपड़ी लिखी मां धरती से कुछ ज्यादा ही धैर्य और सहनशक्ति थी शायद उनमें पिताजी की हर जाति को अपना प्राप्त और बच्चों की हर उचित अनुचित फरमाइश और जिद को अपना फर्ज समझ कर बड़े सहज भाव से स्वीकार करती थीं वे। उन्होंने जिंदगी भर अपने लिए कुछ माँगा नहीं, चाहा नहीं–केवल दिया ही दिया।

अथवा

कार्तिक आया नहीं कि बालगोबिन भगत की प्रभातियां शुरू हुई जो फागुन तक चला करती इन दिनों वह सवेरे ही उठाते ना जाने किस वक्त जाग कर वह नदी स्नान को जाते गांव से दो मेल दूर वहां से नहा धोकर लौटते और गांव के बाहर ही पोंखर की ऊंचे भिंडे पर, अपनी खंजरी लेकर जा बैठते और अपने गाने टेरने लगते।



https://www.mpboardonline.com

प्र.20 अगरबत्ती विक्रय हेतु एक आकर्षक सारगर्भित विज्ञापन बनाकर लिखिए। (3)

<u>अथवा</u>

वार्षिक परीक्षा समीप है, इस विषय पर शिक्षक एवं छात्र के मध्य संवाद लिखिए।

प्र.21 निम्नलिखित अपठित काव्यांश अथवा गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए— (4)

पग–पग पर शोर मचाने से, मन में संकल्प नहीं जगता,
अनसुना–अचीन्हा करने से, संकट का वेग नहीं थमता।
संशय के सूक्ष्म कुहासों में, विश्वास नहीं क्षण भर रमता,
बादल के घेरों में भी तो, जयघोष न मारुत का थमता।
यदि बढ़ न सको विश्वासों पर, साँसों के मुर्दे मत ढ़ोओ।
यदि फूल नहीं बो सकते तो, काँटे कम से कम मत बोओ।

प्रश्न –

(i) संकल्प कब नहीं जमता है?

(ii) 'पग पग पर शोर मचाने से' पंक्ति में निहित अलंकार का नाम लिखिए।

(iii) कवि ने आज की युवा पीढ़ी को कौनसा संदेश दिया है?

(iv) उपर्युक्त गद्यांश का सटीक शीर्षक लिखिए।

<u>अथवा</u>

विद्यार्थी जीवन ही वह समय है जिसमें बच्चों के चरित्र व्यवहार तथा आचरण को जैसा चाहे वैसा रूप दिया जा सकता है। यह अवस्था भारी वृक्ष की उसे कोमल शाखा की भांति है जिसे जिधर चाहे उधर मोड़ा जा सकता है। पूर्णतः विकसित वृक्ष की शाखों को मोड़ना संभव नहीं है। उन्हें मोड़ने का प्रयास करने पर वह टूट सकती हैं। छात्रावस्था भी उसे सफेद चादर की तरह होती है, जिसमें जैसा प्रभाव डालना हो डाला जा सकता है। सफेद चादर पर एक बार जो रंग चढ़ गया सो चढ़ गया। इसी अवस्था में सुसंस्कार और सदवृत्तियां पोषित की जा सकती हैं। प्राचीन काल में बालक को घर से दूर गुरुकुल में रहकर कठोर अनुशासन का पालन करना होता था अर्थात विद्यार्थी जीवन की सच्ची नींव अनुशासन ही है।



https://www.mpboardonline.com

**प्रश्न –**

(i) प्राचीन काल में विद्यार्थी कहाँ रहकर विद्या ग्रहण करते थे?

(ii) विद्यार्थी जीवन भावी वृक्ष की कैसी शाखा के समान है?

(iii) सुसंस्कार और एसएडवृत्तियां विद्यार्थियों में कैसे पोषित की जा सकती हैं?

(iv) उपर्युक्त गद्यांश का सटीक शीर्षक लिखिए।

प्र.22 स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र प्राप्त करने के लिए अपने विद्यालय के प्राचार्य को आवेदन–पत्र लिखिए। **(4)**

अथवा

वाद–विवाद प्रतियोगिता में प्रथम आने पर अपने मित्र को एक बधाई–पत्र लिखिए।

प्र.23 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए – **(4)**

(i) जल है तो कल है

(ii) पर्यावरण संतुलन तो स्वस्थ रहे जीवन

(iii) मोबाइल का जीवन में बढ़ता प्रभाव

(iv) जीवन में खेलों का महत्त्व

(v) कम्प्यूटर शिक्षा

---

https://www.mpboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से



https://www.mpboardonline.com